बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 23 ● अंक: 162 ● नई दिल्ली ● वीरवार 26 जून 2025 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 8

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन
बी-2/370, सुल्तानपुरी
दिल्ली-86

### चुनाव आयोग ने जन सुराज पार्टी को आवंटित किया चुनाव चिन्ह

पटना। जन सुराज पार्टी के पांच संकल्पों में पहली प्राथमिकता बिहार के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इसी को ध्यान में रखते हुए जन सुराज ने चुनाव आयोग से चुनाव चिन्ह ₹स्कूल बैग₹ की मांग की थी, जिसे आयोग ने स्वीकार कर लिया है। निर्वाचन आयोग ने जन सुराज पार्टी को चुनाव चिन्ह ₹स्कूल बैग₹ आवंटित कर दिया है। जन सुराज के सभी 243 प्रत्याशी ₹स्कूल बैग₹ के निशान पर चुनाव लड़ेंगे।

# दुनिया में भारत की पहचान बनाते हैं मुरादाबाद के कारीगरों के शिल्प : ओम बिरला

मुरादाबाद, (हि.स.)। मुरादाबाद की धरती पीतल की धरती है। वहां के कारीगरों के शिल्प दुनिया में भारत की पहचान बनाते हैं। यह बातें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार रात्रि को मुरादाबाद के बुद्धि विहार में नगर निगम मुरादाबाद द्वारा करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से तैयार संविधान साहित्य वाटिका के लोकार्पण पर कही। उन्होंने लोकार्पण के उपरांत पूरे वाटिका का भ्रमण किया और भित्ति चित्रों एवं अन्य आकर्षक प्रतिमाओं का जायजा लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आगे कहा कि आज मुरादाबाद की धरती के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस धरती पर बनी संविधान साहित्य वाटिका आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक होगी। भारत की संस्कृति, साहित्य और विरासत हम सब को आज भी प्रेरित करती है। मुरादाबाद के साहित्यकार, लेखक और विचारकों ने अपनी लेखनी, विचार और गीतों से देश और दुनिया को नया विचार देने का काम किया है।ओम बिरला ने कहा कि इस संविधान साहित्य वाटिका के माध्यम से लोकतंत्र के मूल्य और विचारों से आने वाली पीढ़ी प्रेरणा लेगी। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता हमारी ताकत है।

दुनिया में यही विविधता हमारी सामर्थ्य बनी है। स्वतंत्रता के बाद हमने लोकतंत्र के विचारों को आत्मसात करके प्रगति की है। इस संविधान साहित्य वाटिका से आने वाली पीढ़ी को अपने कर्तव्यों और दायित्वों का बोध होगा। मुरादाबाद में यह वाटिका लोकतंत्र, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे संविधान के मूल सिद्धांतों को दर्शाता है।

यह एक ऐसा स्थान है जो कला, इतिहास और नागरिक शिक्षा को एक साथ जोड़ता है। वाटिका के केंद्र में विशेष कलात्मक इंस्टॉलेशन (स्थापना) बनाए गए हैं जो संविधान के विकास की कहानी बताते हैं। भारत की प्राचीन दार्शनिक परंपराओं से लेकर आजादी के बाद संविधान के निर्माण तक इन कहानियों को पत्थरों पर उकेरे गए चित्रों और धातु की नक्काशी के माध्यम से दिखाया गया है, जिनमें स्थानीय शिल्पकला का उपयोग किया गया है। वाटिका के अलग-अलग हिस्सों में संविधान के चार स्तंभ, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को दर्शाने वाली मूर्तियां, भित्ति चित्र और उकेरे गए लेख लगाए गए हैं। यह वाटिका हर नागरिक को इन मूल्यों के गहरे अर्थों को समझने और आत्मसात करने के लिए प्रेरित करता है। वाटिका में संविधान निर्माताओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा स्थापित है। इनके जीवन और योगदान को दर्शाने के लिए प्रतिमाएं, पट्टिकाएं और क्यूआर कोड के माध्यम से इंटरएक्टिव जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

## जन सुनवाई शिविरों से मिलेगा दिल्ली की जनता को लाभ : मुकेश

नई दिल्ली, दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार लोगो की समस्याओं को ले बेहद गंभीर है जिसे ध्यान में रखते हुए सरकार नें दिल्ली के सभी जिलों में लोगो की समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई शिविर लगवाने शुरू कर दिए है। यह कहना है शाहदरा उत्तरी क्षेत्र नगर निगम वार्ड समिति के डिप्टी चेयरमैन मुकेश बंसल का। मुकेश बंसल कहते हैं दिल्ली सरकार नें जिलाधिकारियों के नेतृत्व में साप्ताहिक जनसुनवाई शिविरों के माध्यम से जनता की शिकायतों का समाधान करना शुरू कर दिया है। मुकेश बंसल कहते हैं कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश के बाद अब सभी राजस्व जिलों में साप्ताहिक जन सुनवाई शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में नगर निगम, दिल्ली पुलिस, बिजली और विभिन्न विभागों के अधिकारी भाग लेते हैं। मुकेश बंसल कहते है दिल्ली सरकार की योजना है इन शिविरों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगो की समस्याओं का समाधान कराया जा सके।

उन्होंने बताया ये शिविर सिर्फ सरकारी कार्यालयों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें स्कूलों, स्थानीय चौपालों और बैंक्वेट हॉल जैसे सामुदायिक स्थानों पर भी आयोजित किया जा रहा है, ताकि लोग अपनी समस्याओं और अपेक्षाओं को प्रस्तुत करते समय अधिक सहज महसूस कर सकें। जिलाधिकारियों के नेतृत्व में साप्ताहिक जन सुनवाई शिविरों का आयोजन नागरिकों की शिकायतों के सीधे समाधान के लिए किया जा रहा है, जबकि शिकायतों के निरंतर निवारण को सुनिश्चित करने के लिए हर समय लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (पीजीएमएस) सक्रिय है। अधिक सुगमता के लिए सरकारी कार्यालयों के बाहर शिकायत पेटियां रखी जा रही हैं, जिससे नागरिक आसानी से अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। इन शिविरों में राजस्व, दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, समाज कल्याण के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारी भी भाग लेंगे ताकि लोगो की समस्याओं पर तत्काल सुनवाई हो सके। मुकेश बंसल कहते हैं जिलाधिकारियों के नेतृत्व में साप्ताहिक जन सुनवाई शिविरों का आयोजन नागरिकों की शिकायतों के सीधे समाधान के लिए किया जा रहा है, जबकि शिकायतों के निरंतर निवारण को सुनिश्चित करने के लिए हर समय लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (पीजीएमएस) सक्रिय है।

## बरसात से ऐन वक्त पहले की हड़बड़ी नहीं छुपा सकती रेखा सरकार की नाकामी : देवेन्द्र यादव



नई दिल्ली, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार द्वारा एक ही दिन में 3400 गड्ढों को भरने के दावे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हम दिल्ली की जनता को सचेत करते हैं कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार और उनके हासुपर सीएमह माने जाने वाले मंत्री प्रवेश वर्मा अब जनता को गुमराह करने के लिए मानसून से ठीक पहले की तत्कालिक सड़कों की मरम्मत और खानापूर्ति का सहारा ले रहे हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि ह100 दिनों की निकम्मी कार्यप्रणाली और प्रशासनिक विफलता को कुछ गड्ढों को भरकर नहीं छुपाया जा सकता। ह दिल्ली के हर इलाके में टूटी सड़कें, बहती नालियां और जर्जर बुनियादी ढांचा साफ दिख रहा है। सरकार ने मानसून से पहले तैयारी के नाम पर केवल प्रचार किया, काम नहीं। उन्होंने याद दिलाया कि 28 फरवरी 2025 को दिल्ली सरकार की बैठक में पैच रिपेयर और पोट होल भरने को समय सीमा में पूरा करने का निर्णय हुआ था। इससे पूर्व 21 फरवरी को अधिकारियों ने मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद को एक विस्तृत प्रस्तुति दी थी। वह बैठक तो हुई, लेकिन उसके बाद पूरे दिल्लीवासियों की आंखों में धूल झोंकने जैसा व्यवहार हुआ। टूटी सड़कों की धूल, असल में भाजपा और केजरीवाल सरकार की नाकामी की परतें है। देवेन्द्र यादव ने कहा की दिल्ली पीडब्ल्यूडी के अधीन लगभग 14, 00 किमी सड़कों की जिम्मेदारी है। बैठक के अनुसार 7, 000 गड्ढों की पहचान हुई थी, जिन्हें मेंटिनेन्स वैन से मरम्मत किया जाना था। इसके लिए 15 मार्च तक टेंडर और 15 अप्रैल तक काम शुरू होना तय था।

इसी तरह 2 लाख वर्ग मीटर पैच रिपेयर का लक्ष्य तय हुआ था, जिसके लिए 7 अप्रैल से कार्य प्रारंभ और 30 अप्रैल तक पूर्णता की समय सीमा तय की गई थी। श्री यादव ने कहा कि हमौसम विभाग ने स्पष्ट तौर पर बताया था कि 19 से 25 जून के बीच दिल्ली में मानसून दस्तक देगा, फिर भी सरकार प्रचार और फोटोशूट में मशगूल रही।

## धार्मिक स्थलों के विकास और सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर करने को लेकर एनडीएमसी की बैठक में प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, । संस्कृति के संरक्षण और नागरिक सुविधाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मंत्री प्रवेश साहिब सिंह की अध्यक्षता में हुई नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) की तीसरी बैठक में बुधवार को अनेक दूरदर्शी प्रस्ताव पारित किए गए। इन प्रस्तावों का उद्देश्य दिल्ली की आध्यात्मिक विरासत को सम्मान देना और सार्वजनिक सुविधाओं को व्यापक रूप से उन्नत करना है। बैठक में संसद सदस्य बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे। परिषद ने धार्मिक स्थलों के विकास, महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ी संरचना और स्वच्छता प्रणालियों को लेकर एक विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशभर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के पुनरुद्धार के लिए चलाई जा रही राष्ट्रव्यापी पहल से प्रेरणा लेते हुए धार्मिक स्थल सौंदर्यीकरण एवं विकास समितिह के गठन की घोषणा की। यह समिति निम्नलिखित कार्यों पर केंद्रित होगी। इसमें एनडीएमसी क्षेत्र में धार्मिक स्थलों का सर्वेक्षण, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता सुविधाओं का उन्नयन करना, मंदिर परिसरों में रोशनी, रास्तों और सौंदर्यीकरण में सुधार के साथ-साथ धार्मिक गतिविधियों में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसका ध्यान रखते हुए हितधारकों से समन्वय स्थापित करना होगा। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि हधार्मिक स्थल केवल आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि संस्कृति, सेवा और आत्मिक ऊर्जा के केंद्र होते हैं। हमारा प्रयास है कि इन स्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वागतपूर्ण बनाया जाए – प्रधानमंत्री मोदी के सांस्कृतिक रूप से जागरूक भारत के सपने के अनुरूप। परिषद ने हर बाजार में पिंक टॉयलेट, नई रोड-स्वीपिंग मशीनों की खरीदी, झुग्गी क्लस्टरों और धोबी घाटों का उन्नयन, सार्वजनिक शौचालयों की बेहतर देखरेख को प्रस्ताव मंजूरी दी है। आज की परिषद बैठक एक समग्र शासन दृष्टिकोण का प्रतीक रही, जिसमें आध्यात्मिक चेतना और नागरिक विकास दोनों पहलुओं को समान महत्व दिया गया। ये प्रस्ताव पारदर्शिता, समावेशिता और समयबद्ध क्रियान्वयन के प्रति एनडीएमसी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रवेश साहिब सिंह ने कहा ने कहा कि (स्वच्छता, संस्कृति और संवेदनशीलता) ये एनडीएमसी प्रशासन की नई रीढ़ होंगी। धार्मिक स्थल से लेकर शौचालयों तक, हर नागरिक को जमीन पर परिवर्तन महसूस होना चाहिए।

## ठगी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने एक साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो फर्जी हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट बुकिंग वेबसाइट्स के जरिए देशभर के हजारों लोगों को ठग रहा था। इस कार्रवाई में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से पांच मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, नौ डेबिट कार्ड, एक बैंक पासबुक, कई फर्जी दस्तावेज और क्यूआर कोड बरामद किए गए हैं। अब तक इस फ्रॉड से जुड़ी 1000 से अधिक शिकायतें एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज हो चुकी हैं। स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार इस रैकेट का खुलासा तब हुआ जब पुलिस स्टेशन स्पेशल सेल में एक ठगी का मामला दर्ज किया गया। आरोपित एचएसआरपी बुकिंग के नाम पर नकली वेबसाइट बना रहे थे और गूगल पर पेड विज्ञापनों के जरिए उन्हें प्रमोट कर रहे थे। इन वेबसाइटों पर दिए गए यूपीआई क्यूआर कोड सीधे ऐसे बैंक खातों से जुड़े थे जो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खोले गए थे। लोग 1200 से 1500 तक की अग्रिम राशि देकर इन प्लेट्स को बुक करने के भ्रम में ठगे जा रहे थे।

## सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का सरकारी अभियान सराहनीय : विनोद जायस

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। दिल्ली के लोगो की समस्याओं को ले दिल्ली की भाजपा सरकार कितनी सक्रिय है इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बरसात से पूर्व केवल एक ही दिन में दिल्ली के सड़कों पर बने तीन हजार से ज्यादा गड्ढों को भरने का काम किया गया और इस कार्य की निगरानी खुद दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा नें की। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी उत्तर पूर्वी जिले के उपाध्यक्ष ठाकुर विनोद जायस का। विनोद जायस कहते हैं आज से पहले किसी भी सरकार नें इतना बड़ा लक्ष्य पूरा नहीं किया। विनोद जायस बताते हैं दिल्ली सरकार की तरफ से मंगलवार को आगामी मानसून के मद्देनजर सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का बड़ा अभियान चलाया गया। इसके तहत पीडब्ल्यूडी की ओर से तीन हजार से ज्यादा गड्ढे भरे गए। विकास मार्ग, शाहदरा, वजीराबाद रोड, चितरंजन पार्क, साउथ दिल्ली, महरौली, नई दिल्ली, बाहरी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली सहित अन्य जगहों पर सड़कों के गड्ढे भरने का काम सुबह से ही शुरू हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा। उल्लेखनीय है दिल्ली सरकार नें इस योजना के तहत गड्ढों की पहचान की और मंगलवार का दिन इन्हें भरने के लिए निश्चित किया। जिसके तहत योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया। विनोद जायस कहते हैं आम आदमी पार्टी की सरकार नें इस ओर कोई ध्यान ही नहीं दिया था दिल्ली के प्रमुख मार्गो सहित ज्यादातर मार्गो पर काफी समय से गड्ढे थे, लेकिन इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा था. लेकिन, अब इन गड्ढों को भर दिया गया है। यह अच्छा कदम है. इससे यहां जलभराव नहीं होगा और लोगों को आने-जाने में परेशान नहीं होगी। इससे पहले दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा था कि लोक निर्माण विभाग मानसून से पहले 1, 400 किलोमीटर से अधिक सड़कों पर एक दिन के भीतर 3, 400 गड्ढों को भरकर सुरक्षित और सुगम बनाएगा.विनोद जायस कहते हैं बारिश के दिनों में दिल्ली की सड़कों पर पानी जमा होने की समस्या से लोग परेशान हो जाते हैं। अब ऐसे में दिल्ली सरकार द्वारा यह कदम लोगों की परेशानी को दूर कर सकता है। पिछली बार एक कोचिंग के बेसमेंट में पानी भर जाने से कई बच्चों की मौत हो गई थी जिसके बाद केजरीवाल सरकार की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे थे लेकिन भाजपा ने

## शिक्षा को अधिकार नहीं व्यापार बनाने पर जोर दे रही भाजपा सरकार : आदेश भारद्वाज

नई दिल्ली, । इस वर्ष के शिक्षा सत्र में दिल्ली के निजी स्कूलों ने लगभग 50% से 80% तक की बढ़ोतरी के चलते अभिभावक पहले ही परेशान थे अब फीडर स्कूलों के 10 वीं पास बच्चों को दूसरे स्कूल दाखिला देने से मना कर रहे है। स्कूल प्रशासन की इस मनमानी से बच्चे और उनके माता पिता अपने पसंदीदा कोर्स और स्कूल में दाखिला नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं। इस मामले पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि मौजूदा सरकार ने छुट्टियों से पहले फीस वृद्धि करने वाले स्कूलो के खिलाफ एक बिल लाकर एक्शन की बात कही थी लेकिन धरातल पर मामला जीरो। निजी स्कूलों के बाद अब दिल्ली के सरकारी स्कूल और सरकार से मान्यता प्राप्त स्कूलों की मनमानी भी खुलकर सामने आने से अभिभावक परेशान हो रहे हैं। दिल्ली के फीडर स्कूलों यानी घरों के नजदीक बने निगम या अन्य दूसरे 8वीं या 10वीं तक के छोटे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अब जब बड़े स्कूलों में 10वीं के बाद पसंदीदा कोर्स में दाखिले के लिए जा रहें है तो स्कूलों द्वारा दाखिले से इनकार किया जा रहा है। जिससे ना सिर्फ छात्र बल्कि उनके माता पिताओं को परेशानी में डाल दिया है। स्कूल इस फीडर योजना को स्कूल घता बताए जा रहे हैं और सरकार है कि अभिभावकों की शिकायतों और अनुरोधों पर ध्यान नहीं दे रही है। जबकि एक समय मनमोहन सिंह जी की सरकार में 1 अप्रैल 2010 को भारतीय संविधान में 21ए जोड़कर शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में स्थान दिया गया था। और 2004- 5 में कांग्रेस की ही शीला दीक्षित की सरकार ने तो ईडब्लूएस लागू कर निजी स्कूलों में गरीब वर्गों से आने वाले बच्चों के लिए 25% का कोटा जरूरी कर दिया था ताकि गरीब, पीड़ित और वंचित वर्गो से आने वाले बच्चों को शिक्षा

## जल्द मिलेगी आधुनिक और हाईटेक बस टर्मिनल की सौगात : पंकज



नई दिल्ली, । दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को कहा कि दिल्ली परिवहन निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए बताया कि दिल्ली के लोगों को बहुत जल्द एक आधुनिक और हाईटेक बस टर्मिनल की सौगात मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के नरेला के सेक्टर-9 में 4000 वर्गमीटर क्षेत्र पर अत्याधुनिक बस टर्मिनल बनकर तैयार हो रहा है। इस आधुनिक, हाईटेक और विश्व स्तरीय बस टर्मिनल को बहुत जल्द दिल्ली की जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

पंकज कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। विकसित दिल्ली संकल्प पत्र ह्न 2025 के तहत सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में हमारी सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाएं हैं। हमारी सरकार दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बेड़े में शामिल हो रही नई बसों के साथ ही इलेक्ट्रिक बसों के बढ़ते बेड़े को भी ध्यान में रखते हुए राजधानी दिल्ली के सभी बस डिपो और बस टर्मिनल को अपग्रेड करने का काम कर रही है। जहां इलेक्ट्रिक बसों को चार्जिंग की सुविधा और मेंटेनेंस के साथ ही बस यात्रियों, ड्राइवरों की सुविधा का भी विशेष तौर पर ध्यान रखा जा रहा है।

डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि डीटीसी ने राजधानी के नरेला इलाके के सेक्टर-9 में अर्बन ट्रांसपोर्टेशन रोड-11 के पास 4000 वर्गमीटर क्षेत्र पर 100 दिनों के रिकॉर्ड समय में अत्याधुनिक बस टर्मिनल का निर्माण का काम पूरा कर लिया है। नरेला बस टर्मिनल में यात्रियों, बस ड्राइवरों की सुविधा के साथ ही बसों के रख-रखाव लिए भी कई तरह की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नरेला बस टर्मिनल से बस संचालन के लिए 3 समर्पित बस-बे, 34 मीटर और 40 मीटर के 2 आधुनिक शेड का निर्माण, बसों के लिए पार्किंग की व्यवस्था, शानदार कैंटीन, स्वच्छ एवं सुलभ शौचालय ब्लॉक, सुरक्षित पेयजल के लिए आरओ वाली पानी की व्यवस्था के साथ ही भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग पॉइंट भी स्थापित किए गए हैं। नरेला बस डिपो राजधानी में स्वच्छ, कुशल और सुलभ परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मंत्री ने कहा कि नरेला बस टर्मिनल से ज्यादातर इलेक्ट्रिक बसों का राजधानी दिल्ली के प्रमुख मार्गों पर संचालन होगा। इस बस टर्मिनल से चलने वाली बसें पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, मोरी गेट, दिल्ली सचिवालय, उत्तम नगर, दयालु कॉलोनी और बॉर्डर एरिया को जोड़ेंगी। बसों के नरेला डिपो से संचालित होने से उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में आवागमन बेहतर होने के साथ राजधानी के हर कोने में स्वच्छ और हरित परिवहन का उद्देश्य भी पूरा होगा।

## श्रम विभाग में ऑनलाइन सुनवाई की व्यवस्था को जल्द लागू किया जाए : कपिल



नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को श्रम विभाग की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने सुझाव दिया कि विभाग में वर्चुअल हियरिंग (ऑनलाइन सुनवाई) की व्यवस्था को शीघ्र लागू किया जाना चाहिए ताकि श्रमिक अपने मामलों की सुनवाई में भौगोलिक बाधाओं के बिना भाग ले सकें। इस बैठक में श्रम विभाग के आयुक्त, संयुक्त आयुक्त एवं जिला स्तर के उपायुक्तों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य फोकस श्रम विभाग में सूचना तकनीक के उपयोग को बढ़ाने और लंबित श्रमिक मामलों के त्वरित समाधान पर रहा। मंत्री ने कहा कि श्रम विभाग का मूल दायित्व श्रमिकों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर श्रमिकों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। चाहे मामला वेतन से जुड़ा हो, नौकरी से निकाले जाने का हो, प्रबंधन के खिलाफ हो या क्षतिपूर्ति से संबंधित–हर केस का त्वरित और निष्पक्ष निपटान किया जाना चाहिए। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि श्रम विभाग के पोर्टल पर सभी केसों की सूची, संबंधित आदेशों और विभागीय निर्णयों को सार्वजनिक किया जाए। इससे शिकायतकर्ता या पीड़ित पक्ष को समय पर सही और पारदर्शी जानकारी प्राप्त होगी और साथ ही विभाग की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी एक भी श्रमिक के साथ अन्याय सहन नहीं किया जाएगा। ये श्रमिक ही देश की नींव हैं, देश के असली निर्माता हैं। उनके अधिकारों की रक्षा हमारा पहला दायित्व है। मंत्री ने यह भी बताया कि विभागीय प्रक्रियाओं को सरल, तकनीकी और जनोपयोगी बनाने की दिशा में कई सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय कार्यों की नियमित समीक्षा करने और फील्ड स्तर पर श्रमिकों से संवाद बनाए रखने की अपील की। बैठक के अंत में अधिकारियों ने मंत्री को विभाग की वर्तमान कार्यप्रणाली, तकनीकी ढांचे और लंबित मामलों की स्थिति से अवगत कराया।

